
## हमने सीखा

- शब्द के जिस रूप से उसके एक या अनेक (एक से अधिक) होने का पता चले, उसे वचन कहते हैं।
- वचन दो प्रकार के होते हैं– एकवचन और बहुवचन।

## आओ अभ्यास करें

**1. एक या अनेक सही विकल्प पर ( ✓ ) लगाइए–**



एक ☐ अनेक ☑




एक ☐ अनेक ☑




एक ☑ अनेक ☐



एक ☐ अनेक ☑



एक ☐ अनेक ☑



एक ☑ अनेक ☐



एक ☑ अनेक ☐



एक ☐ अनेक ☑

**2. नीचे दिए गए शब्दों के वचन बदलकर लिखिए–**

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| बहन | बहनें |
| माला | मालाएँ |
| गाड़ी | गाड़ियाँ |
| चिड़िया | चिड़ियाँ |

| बहुवचन | एकवचन |
|---|---|
| गुड़ियाँ | गुड़िया |
| पैसे | पैसा |
| वस्तुएँ | वस्तु |
| मछलियाँ | मछली |

**3. उचित वचन के शब्द चुनकर खाली स्थानों की पूर्ति कीजिए–**


क. प्रिया के पास एक ......गुड़िया...... है। (गुड़िया / गुड़ियाँ)

ख. मेरी कक्षा में पचास ......बच्चे...... हैं। (बच्चा / बच्चे)

ग. पेड़ पर एक ......चिड़िया...... है। (चिड़िया / चिड़ियाँ)

घ. यश के पास चार ......पुस्तकें...... हैं। (पुस्तक / पुस्तकें)

**4. तितली में एकवचन और बहुवचन के शब्द आपस में मिल गए हैं। उन्हें अलग-अलग लिखिए–**




| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| वस्तु | मेज़ें |
| चिड़िया | गाड़ियाँ |
| बहन | केले |
| माला | कुरसियाँ |
| लड़का | बच्चे |